1/2

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

वेब साइट :– www.gnscr.ac.in ई.मेल:– principal.npgcsr@gmail.com

क्रमांकः /2491 /2024 रायपुर, दिनांक 20/3/24

//सूचना//

महाविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाली स्नातकोत्तर **एम. एस–सी. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर तथा डीसीए एवं पीजीडीसीए द्वितीय सेमेस्टर (मुख्य/एटीकेटी/भूतपूर्व) परीक्षा तथा केवल एम.एस–सी. प्रथम/तृतीय सेमेस्टर सूचना प्रौद्योगिकी की एटीकेटी परीक्षा मई–जून 2024** मे सम्मिलित होने वाले छात्र–छात्राओं हेतु पात्रतानुसार ऑनलाइन पद्धति द्वारा महाविद्यालय के वेबसाईट www.gnscr.ac.in द्वारा ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है–

A- आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि–

क्र.	विवरण	निर्धारित तिथि
1	निर्धारित शुल्क के साथ (बिना विलंब शुल्क)	दिनांक 26.03.2024 से 03.04.2024 तक
2	निर्धारित शुल्क एवं विलंब शुल्क 100 रू. के साथ	दिनांक 04.04.2024 से 06.04.2024 तक

टीपः–1. परीक्षा आवेदन पत्र विभागाध्यक्ष से अग्रेषित कराकर निर्धारित शुल्क के साथ लेखाशाखा मे जमा करें।

2. निर्धारित तिथि के पश्चात् परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की अनुमति नही दी जावेगी।

B- परीक्षा शुल्क एवं प्रकिया शुल्क का विवरण–

कक्षा/ परीक्षा का नाम	परीक्षा शुल्क		ऑनलाईन प्रकिया शुल्क
	नियमित/भूतपूर्व	एटीकेटी	
एम.एस–सी. द्वितीय/चतुर्थ सेमेस्टर	रू. 2500/–	रू. 700/– (प्रति प्रश्न पत्र)	रू. 50/–
डीसीए/पीजीडीसीए द्वितीय सेमेस्टर	रू. 2500/–	रू. 700/– (प्रति प्रश्न पत्र)	रू. 50/–
एम.एस–सी. प्रथम/तृतीय सेमेस्टर एटीकेटी (सूचना प्रौद्योगिकी)	–	रू. 700/– (प्रति प्रश्न पत्र)	रू. 50/–

C- आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क जमा करने का समय एवं स्थान–

समय–कार्यालयीन दिवस मे **प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक।**

स्थान– महाविद्यालय के **लेखा शाखा** के काउन्टर मे।

D- सेमेस्टर परीक्षा फार्म भरने हेतु निर्देशः–

1. सेमेस्टर परीक्षा–2024 हेतु फार्म भरने का कार्य छात्र/छात्राओं द्वारा महाविद्यालय की वेबसाइट www.gnscr.ac.in के माध्यम से किया जावेगा।
2. सबसे पहले वेबसाइट www.gnscr.ac.in मे दिए गए लिंक से फार्म भरेंगे।
3. इसके लिए छात्र/छात्राऍ परीक्षा अनुक्रमांक या पंजीकृत मोबाइल नं. से Login करेंगे।
4. ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने के बाद परीक्षा फार्म की कापी प्रिंट करके अपने पास रखेंगे।
5. यदि किसी भी प्रकार की समस्या ऑनलाईन फार्म भरने के समय आती हो, तो ईमेल info.onlineexamforms@gmail.com पर अपनी समस्या भेजकर समाधान कर सकते है।

6. विद्यार्थी दसवी एवं बारहवी की अंकसूचियों की छायाप्रति परीक्षा फार्म के साथ आवश्यक रूप से संलग्न करें।

7. छात्र अपना नाम, माता व पिता का नाम आदि, बारहवीं के अकंसूची से मिलान करके ही लिखें।

8. छात्र–छात्राऍ जिस परीक्षा मे सम्मिलित हो रहे उनके पूर्व के परीक्षा परिणाम की अंकसूचियों की छायाप्रति परीक्षा फार्म के साथ आवश्यक रूप से संलग्न करें।

9. सेमेस्टर परीक्षा मे **अनुचित साधन उपयोग वाले प्रकरण (UFM)** पर महाविद्यालय द्वारा परीक्षा से वंचित किए गये है तो उस अधिसूचना की सत्यापित प्रति जिसमे उन्हे आगामी सेमेस्टर परीक्षा मे सम्मिलित होने की पात्रता हो, तो इसे संलग्न करना अनिवार्य है।

10. ऑनलाइन आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों की यह स्वयं की जवाबदारी है कि वह अपना शैक्षणिक ॲकसूचियों/प्रमाणपत्रों की जानकारी दी है वह सही है तथा उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरते समय दी गई जानकारी भरे है, वह सही है, जानकारी असत्य पाये जाने पर यदि महाविद्यालय द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही की जाती है तो यह परीक्षार्थियों की स्वयं की जवाबदारी होगी। अतः वे इस बात की जानकारी रखें कि उसने सही जानकारी दी है।

11. **परीक्षार्थीयों को परीक्षा आवेदन पत्र मे ABC ID का उल्लेख करना अनिवार्य है। बिना ABC ID के परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जाएगा।**

परीक्षा नियंत्रक
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

प्राचार्य
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)

प्रतिलिपिः–

1. समस्त विभागाध्यक्षों को छात्र/छात्राओं के मध्य प्रसारण हेतु।
2. लेखापाल, शास. नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)।
3. छात्र शाखा लिपिक, शास. नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)।
4. श्री टिकेन्द्र साहू को वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।
5. सूचना पटल में चस्पा हेतु।

प्राचार्य
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)